>

Title: Need to set up a Kendriya Vidyalaya in Bhadohi Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही): सभापति जी, आपने मुझे अति महत्व के विषय पर बोलने का अवसर दिया, मैं आपका आभारी हूं। मैं आपके माध्यम से माननीय मानव संसाधन मंत्री जी का ध्यान उत्तर प्रदेश के भदोही लोक सभा क्षेत्र की ओर दिलाना चाहता हूं। वहां आज भी शिक्षा की दृष्टि से पिछड़ापन है।

महोदय, माननीय मंत्री जी ने इस सदन में कहा था कि देश में हर जनपद में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की जाएगी। मैंने भी दो-तीन बार इस सदन में इस बात को उठाया है कि मेरा क्षेत्र भदोही ग्रामीण अंचल में है, काशी और प्रयाग के बीच में है और शिक्षा की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। मेरे क्षेत्र से 80 किलोमीटर वाराणासी और इलाहाबाद पड़ता है और वहां के लोगों को केन्द्रीय विद्यालय में एडमिशन के लिए इतनी दूर जाना पड़ता है। हमारे क्षेत्र से जिलाधिकारी ने जमीन का प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है। माननीय मंत्री जी ने आश्वासन दिया था कि भदोही और अन्य जनपदों में जहां केन्द्रीय विद्यालय नहीं हैं उन्हें स्थापित किया जाएगा। लेकिन दुख की बात है कि आज तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि ऐसे भी शहर हैं जहां एक से अधिक केन्द्रीय विद्यालय स्थापित हो चुके हैं और आगे भी स्थापित किये जा रहे हैं लेकिन ग्रामीण अंचलों में ऐसा नहीं है। मैं अपने क्षेत्र भदोही की बात कर रहा हूं जहां का प्रस्ताव भी आ चुका है और माननीय मंत्री जी उस क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना करने के लिए यथाशीघ्र कार्रवाई करें, ताकि ग्रामीण जनता को भी केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षा मिल सके।